University of Lucknow
लखनऊ विश्वविद्यालय
100 Years
Centennial Celebrations
शताब्दी उत्सव

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.)भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P)INDIA

संख्या ....
दिनांक..

सेवा में,

1. समस्त कार्य परिषद् के माननीय सदस्यगण
2. समस्त विद्या परिषद् के माननीय सदस्यगण
3. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक
   लखनऊ विश्वविद्यालय,
   लखनऊ।

विषयः–दिनाक 16 सितम्बर, 2024 को आयोजित 67वें दीक्षान्त समारोह के आमंत्रण एवं परिधान के पूर्वाभ्यास के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय में आपको सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि लखनऊ विश्वविद्यालय का **67वें दीक्षान्त समारोह दिनांक 16 सितम्बर, 2024 को अपरान्ह् 11:00** बजे से कला संकाय परिसर में माननीया श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश/कुलाधिपति महोदया, लखनऊ विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है। इस अवसर पर पद्म भूषण डॉ0 विजय पांडुरंग भातकर मुख्य अतिथि तथा श्री योगेन्द्र उपाध्याय, मा. कैबिनेट मंत्री, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश सरकार, अति विशिष्ट अतिथि एवं श्रीमती रजनी तिवारी, माननीय राज्यमंत्री उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश विशिष्ट अतिथि होंगे। कुलपति जी, कार्य परिषद् के समस्त सम्मानित सदस्यगण व विद्यापरिषद् के समस्त् सम्मानित सदस्यगण एवं सभी संकायों के सम्मानित संकायाध्यक्ष शैक्षणिक शोभा यात्रा के सहभागी होंगे।

विश्वविद्यालय द्वारा अंगवस्त्र/परिधान उपलब्ध कराया जायेगा। अतः आपसे सादर अनुरोध है कि शैक्षणिक शोभा यात्रा के लिए परिधान को **दिनांक 14.09.2024 या 15.09.2023 को पूर्वान्ह् 10.00 बजे** से विश्वविद्यालय के कला संकाय, कुलानुशासक कार्यालय के कक्ष संख्या 05 से प्राप्त करने की कृपा करें। शैक्षणिक परिधान को दीक्षान्त समारोह के समाप्त होने के पश्चात उक्त कक्ष में ही वापस कराया जाना अपेक्षित है।

दिनांक 16 सितम्बर, 2024 को पूर्वान्ह् 10:30 बजे होने वाले दीक्षान्त समारोह में आप सादर आमंत्रित है। साथ ही यह भी सादर अनुरोध है कि दिनांक **14 सितम्बर, 2024 को पूर्वान्ह् 11:00 बजे** विश्वविद्यालय में होने वाले दीक्षान्त समारोह के पूर्वाभ्यास में भी सम्मिलित होने का कष्ट करें। **दिनांक 16.09.2024 को 10:00 बजे** तक कृपया दीक्षान्त समारोह स्थल पर आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

शैक्षणिक यात्रा निम्नवत् होगी :–

कुलसचिव
सभा के सदस्य
विद्या परिषद् के सदस्य
कार्य परिषद् के सदस्य
प्रति–कुलपति
कुलपति
मानद उपाधि प्राप्तकर्ता
विशिष्ट अतिथि
अति–विशिष्ट अतिथि
मुख्य अतिथि
कुलाधिपति

दीक्षान्त समारोह समाप्त होने के पश्चात शैक्षणिक यात्रा का परिधान कक्ष की ओर वापसी हेतु प्रस्थान (आगमन कम के विपरीत) होगा।

दिनांक 14.09.2024 को दीक्षान्त समारोह के पूर्वाभ्यास के दौरान संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक आवश्यकतानुसार कक्षाएं संचालित करने का निर्णय अपने स्तर से लेंगे। दिनांक 16.09.2024 को दीक्षान्त समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय में सभी कक्षाएं स्थगित रहेगी। दिनांक 14.09.2024 तथा 16.09.2024 को बायोमैट्रिक उपस्थिति से छूट रहेगी।

भवदीय,

(विद्यानन्द त्रिपाठी)
कुलसचिव

University of Lucknow
लखनऊ विश्वविद्यालय
Years
Centennial Celebrations
शताब्दी उत्सव

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.)भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P)INDIA

संख्या ....
दिनांक............

संख्या GA-19386-450 दिनांक 10/09/24

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक प्रतिकुलपति, मा0 प्रतिकुलपति जी के सूचनार्थ।
3. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
5. कुलानुशासक , लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
6. परीक्षा नियन्त्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
7. मुख्य अभिरक्षिका, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
8. समस्त अभिरक्षक / अभिरक्षिका, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
9. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
10. ओ0एस0डी0, आई0 एम0एस0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
11. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, सहयुक्त महाविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
12. उप कुल सचिव लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
13. समस्त कार्यालय अधीक्षक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
14. इंचार्ज वेबासाइट को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर प्रदर्शित करने एवं समस्त् संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक, लखनऊ विश्वविद्यालय,लखनऊ को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करने का कष्ट करें।

10.9.2024.
कुलसचिव